## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.08.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जापान की दो दिवसीय सफल यात्रा के बाद चीन के लिए रवाना हुए–श्री मोदी ने जापान में टोक्यो इलेक्ट्रॉन का दौरा भी किया।
- केन्द्रीय मंत्री पीयुष गोयल ने पहली तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की जी डी पी वृद्धि दर की सराहना की।
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल तिवारी की पहल पर बड़ी राहत–भूमि खरीद–फरोक्त में अब नहीं लगेगी नगरपालिका परिषद की एन ओ सी।
- अंडमान निकोबार कमान ने डिगलीपुर में एक्स सर्विसमैन आउटरीज कार्यक्रम के पहले चरण का शुभारंभ किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जापान के दो दिवसीय सफल यात्रा के बाद, दो देश के दौरे के अगले चरण में चीन के तियानजिन के लिए रवाना हुए। पीएम मोदी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर चीन जा रहे हैं, जहां वह इक्कतीस अगस्त और एक सितंबर को शंघाई सहयोग परिषद के राष्ट्राध्यक्षों की पच्चीसवीं बैठक के लिए चीन के तियानजिन शहर का दौरा करेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि जापान की यह यात्रा उन उपयोगी परिणामों के लिए याद रखी जाएगी, जिनसे हमारे देश के लोगों को लाभ होगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ सेंडाई शहर तक बुलेट ट्रेन से यात्रा की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री इशिबा के साथ मियागी प्रांत के सेंडाई शहर का दौरा किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड का दौरा किया। कारखाने में उन्हें टी ई एल की वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में भूमिका, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और भारत के साथ वर्तमान व भविष्य के सहयोग के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत आज सुधारों के जरिए वैश्विक विकास का प्रमुख केंद्र बन गया है। श्री गोयल के अनुसार, भारत के व्यापारिक सुधार जैसे जी एस टी, एफ डी आई नीति और उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएं वैश्विक निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। इन सुधारों के कारण भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

<><><><><><>

मोहनपुरा स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय अटल टिंकरिंग लैब प्रशिक्षण कार्यक्रम का दूसरा चरण संपन्न हुआ। इसमें उन्नीस ए टी एल प्रभारियों ने पच्चीस नवोन्मेषी परियोजनाएं तैयार कीं, जिनमें "बाधा से बचने वाला रोबोट", "स्मार्ट डस्टबिन" और "ट्रैफिक सिग्नल" जैसी परियोजनाएं शामिल थीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानशील दुबे ने विद्यार्थियों को नवोन्मेष और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूलों में ATL गतिविधियों का विस्तार करना और छात्रों में डिज़ाइन थिंकिंग, संगणक कौशल एवं अनुकूलन क्षमता को प्रोत्साहित करना था।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान से आम जनता के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल कुमार तिवारी के लगातार प्रयास और अपील के बाद राजस्व विभाग ने भूमि की खरीद–बिक्री के लिए नगरपालिका परिषद से एन ओ सी लेने की अनिवार्यता समाप्त करने का निर्णय लिया है। इस महत्वपूर्ण संशोधन के लिए श्री तिवारी ने पूर्व में ही सरकार से अपील की थी, जिसके परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक कदम उठाया गया। उन्होंने इस निर्णय पर गहरा आभार व्यक्त करते हुए विशेष रूप से दक्षिण अंडमान के उपायुक्त अर्जुन शर्मा को धन्यवाद दिया, जिन्होंने जनता के इस ज्वलंत मुद्दे पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्यवाही की। श्री तिवारी ने कहा कि यह कदम न केवल भूमि लेन–देन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाएगा, बल्कि विकास की गति को भी तेज करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार आगे भी इसी प्रकार जनता के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेती रहेगी।

<><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय ने "विकसित भारत का मंत्र – भारत हो नशे से स्वतंत्र" विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन के खतरों से समाज को अवगत कराना और एक नशामुक्त भारत की ओर कदम बढ़ाना था। कार्यक्रममें विशेषज्ञों का पैनल मौजूद था, जिसमें आई आर सी ए के डॉ. एम. के महतो, मादक द्रव्य निरोधक विभाग के एस आई मनोज लाल, विद यू एन जी ओ की मरियम बीबी और अन्य प्रमुख वक्ता शामिल थे। इन विशेषज्ञों ने मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने नशामुक्त समाज का संदेश देने के लिए एक नाटक प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित लोगों को मादक द्रव्यों से बचने के प्रयासों की जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान ने आज डिगलीपुर में एक्स सर्विसमैन आउटरीज कार्यक्रम 2025 के पहले चरण का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित होता है और इसका उद्देश्य सेना, नौसेना, वायु सेना और कोस्ट गार्ड के पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण, स्वास्थ्य और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल बिप्लब होटा द्वारा किया गया, जिसमें डिगलीपुर, मायाबंदर और एरियल बे के 100 से अधिक पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों ने भाग लिया। यह अभियान चार चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पहले चरण के बाद अगला चरण कैंपबेल बे में होगा। ANC का यह प्रयासपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से प्रमाणित करता है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, श्री विजयपुरम में विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रवेश काउंसलिंग का तीसरा दौर नौ सितंबर को सुबह साढ़े आठ बजे से आयोजित किया जाएगा। काउंसलिंग में बी.ए., बी.एससी., बी.सी.ए., और बी.बी.ए. पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों के लिए अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। बी.एससी. रसायन विज्ञान, बी.कॉम और बीपीईएस पाठ्यक्रमों में फिलहाल सीटें नहीं हैं, लेकिन भविष्य में इन पाठ्यक्रमों में सीटें रिक्त हो सकती हैं, इसलिए इन पाठ्यक्रमों में रुचि रखने वाले उम्मीदवारों को भी काउंसलिंग में शामिल होने की सलाह दी गई है। काउंसलिंग में उपस्थित होने के लिए आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं। काउंसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश का अवसर नहीं मिलेगा, और मेरिट सूची से अगले पात्र को प्रवेश दिया जाएगा।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में आज ज़ोनल स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें स्कूलों के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जो हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया गया। इस दौरान दस किमी की रोड रेस प्रतियोगिता ने सबका ध्यान आकर्षित किया। लड़कों के वर्ग में जी एस एस केरलपुरम के अमित दास ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कियों के वर्ग में जी एस एस डिगलीपुर की रोचिना मल ने बाजी मारी। मुख्य अतिथि और उप शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और छात्रों से शारीरिक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिताओं में पचानब्बे से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, जिनमें पचास से अधिक लड़कियां शामिल थीं।

<><><><><><><>

अट्टम पहाड़ स्थित नगरपालिका विद्यालय मैदान में राष्ट्रीय खेल दिवस की पूर्व संध्या पर "एक घंटा खेल के मैदान में" विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन अंडमान निकोबार साइक्लिंग एसोसिएशन और हॉकी अंडमान और निकोबार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस अवसर पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के वार्ड पार्षद पद्मनाथन ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई और खेलों के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>